प्रेरणा
वक्त तेरा लाख शुक्रिया जो भी सिखा, तुझसे ही सीखा है !

सच कहने की ताकत
साप्ताहिक समाचार पत्र

# जालंधर ब्रीज

जल है तो कल है

www.jalandharbreeze.com • JALANDHAR BREEZE • WEEKLY • YEAR-5 • 18 AUGUST TO 24 AUGUST 2023 • VOLUME 4 • PAGE-4 • RATE-3.00/- • RNI NO.: PUNHIN/2019/77863



Lic No : 933/ALC-4/LA/FN:1184
INNOVATIVE TECHNO INSTITUTE
CONSULTING DESIGN TRAINING
INNOVATIVE TECHNO INSTITUTE
ISO CERTIFIED 2015 COMPANY
✓ STUDY ✓ WORK ✓ SETTLE IN ABROAD
Low Filing Charges & *Pay Money after the visa
•IELTS •STUDY ABROAD
CANADA AUSTRALIA USA U.K SINGAPORE EUROPE
E-mail : hr@innovativetechin.com • Website : www.innovativetechin.com • FB/Innovativetechin • Contact : 9988115054 • 9317776663
REGIONAL OFFICE : S.C.O No. 10 Gopal Nagar, Near Batra Palace, Jal. HEAD OFFICE : S.C.O No. 21-22, Kuldip Lal Complex, Highway Plaza GT Road, Adjoining Lovely Professional University. Phagwara.
*T&C apply


## मुख्यमंत्री ने किश्ती पर सवार होकर किया बाढ़ प्रभावित इलाकों का दौरा

### मान ने कहा- हिमाचल प्रदेश और बीबीएमबी के साथ निरंतर संपर्क में

*संकट की इस घड़ी में सरकार के हेलीकॉप्टर सहित समूची मशीनरी लोगों की मदद में*



• **जालंधर ब्रीज.** होशियारपुर

मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने गुरूवार को ज़मीनी स्तर पर स्थिति का जायज़ा लेने के लिए स्वयं किश्ती में सवार होकर होशियारपुर के बाढ़ प्रभावित इलाकों का दौरा किया। एनडीआरएफ के जवानों के साथ किश्ती में सवार होकर मुख्यमंत्री गाँव राड़ा और फतेह कुल्ला गए और उसके बाद गाँव हलेर का दौरा किया। उन्होंने कहा कि प्रभावित स्थानों के लोगों को सुरक्षित स्थानों पर लेकर जाने को यकीनी बनाने के लिए अधिकारियों को आदेश दिए गए हैं। भगवंत मान ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि राज्य सरकार के लिए हरेक नागरिक की ज़िंदगी बहुत अनमोल है और लोगों को इस मुश्किल घड़ी में से निकालने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ी जायेगी।


इसके बाद पत्रकारों के साथ बातचीत करते हुये मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार के हेलीकॉप्टर सहित समूची मशीनरी लोगों की मदद में है। उन्होंने कहा कि चाहे राज्य में बारिश नहीं पड़ी परन्तु पहाड़ी राज्यों में भारी बारिश पड़ने के कारण पंजाब के इन इलाकों में बाढ़ आयी है। भगवंत सिंह मान ने कहा कि ताज़ा स्थिति का पता लगाने के लिए वह हिमाचल प्रदेश सरकार और भाखड़ा ब्यास मैनेजमेंट बोर्ड के साथ लगातार संबंध रख रहे हैं। मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि पौंग डैम से अतिरिक्त पानी छोड़ने के कारण यह ज़िला बुरी तरह प्रभावित हुआ है। उन्होंने कहा कि चाहे पौंग डैम खतरे के निशान से छह फुट ऊपर है परन्तु फिर भी चिंता वाली कोई बात नहीं है क्योंकि पहले यह खतरे के स्तर से 10 फुट से ऊपर था। इस मौके पर मुख्यमंत्री के साथ कैबिनेट मंत्री ब्रम शंकर जिम्पा, विधायक जसबीर सिंह राजा, करमबीर सिंह घूमन्न और डा. रवजोत सिंह भी उपस्थित थे।

### सरकार द्वारा 1200 मेगावाट सौर ऊर्जा के लिए समझौते



**चंडीगढ़.** पंजाब की बिजली सप्लाई की भावी ज़रूरत की पूर्ति करने और साफ़-सुथरी ऊर्जा को उत्साहित करने के लिए मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में पंजाब सरकार ने नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र की अग्रणी कंपनी सतलुज जल विधुत निगम (एसजेवीएन) के साथ 1200 मेगावाट सप्लाई के लिए बिजली ख़रीद समझौते (पीपीए) पर हस्ताक्षर किये। मुख्यमंत्री ने पंजाब भवन में पत्रकारों के साथ बातचीत के दौरान बताया कि पीएसपीसीएल ने पंजाब और देश भर में स्थित सौर ऊर्जा प्रोजेक्टों से बिजली की ख़रीद के लिये टैंडर जारी किये थे। उन्होंने कहा कि सतलुज जल विधुत निगम ग्रीन एनर्जी लिमटिड ने बीकानेर (राजस्थान) और भुज (गुजरात) से 2.53 रुपए प्रति यूनिट के हिसाब से एक हज़ार मेगावाट और होशियारपुर (पंजाब) से 2.75 रुपए प्रति यूनिट के हिसाब से 200 मेगावाट बिजली सप्लाई करने का प्रस्ताव दिया था। पहली बार मुकाबले की बोली के लिए सविस्स चैलेंज विधि (एससीएम) लागू की गई थी। मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले 2.59 रुपए प्रति यूनिट की बोली लगी थी परन्तु बातचीत करने के बाद यह भाव 2.53 रुपए पर आ गया, जिससे सरकारी खजाने की बचत होगी। उन्होंने कहा कि 200 मेगावाट बिजली सप्लाई के लिए 2.79 रुपए प्रति यूनिट की बोली लगाई गई थी परन्तु अंत में 2.75 रुपए प्रति यूनिट पर सहमति बनी। भगवंत सिंह मान ने कहा कि राज्य सरकार ने कंपनी के साथ विचार-विमर्श करके 431 करोड़ रुपए की बचत की।

## चंद्रयान से अलग हुआ लैंडर, सॉफ्ट लैंडिंग 23 अगस्त को



**मुंबई.** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) चंद्रयान-3 के साथ चंद्रमा पर उतरने के दूसरे प्रयास के लिए पूरी तरह तैयार है। चांद के दक्षिणी ध्रुव यानी साउथ पोल की ओर बढ़ रहे भारत के चंद्रयान-3 चंद्रमा के चारों ओर चक्कर लगा रहा है। सॉफ्ट लैंडिंग 23 अगस्त को होनी है। भारत का मून मिशन चंद्रयान-3 चंद्रमा की सतह पर लैंडिंग के प्रयास में चंद्रयान-2 की असफलता के बाद आया है। इसरो ने गुरुवार दोपहर में 1 बजे के करीब प्रोपल्शन और लैंडर मॉड्यूल को अलग करने का ऑपरेशन पूरा कर लिया। इसके बाद विक्रम लैंडर गोलाकार ऑर्बिट में नहीं घूमेगा। वो फिर से अंडाकार ऑर्बिट में ही घूमेगा। इसके बाद 18 और 20 अगस्त को होने वाले डीऑर्बिटिंग के जरिए विक्रम लैंडर को 30 किलोमीटर वाले पेरील्यून और 100 किलोमीटर वाले एपोल्यून ऑर्बिट में डाला जाएगा।

## पाकिस्तान से खेप हासिल करने वाला तस्कर 8 किलो हेरोइन सहित गिरफ्तार



• **जालंधर ब्रीज.** चंडीगढ़/ जालंधर

नशा तस्करी के नेटवर्क को एक और झटका देते हुए जालंधर (ग्रामीण) पुलिस ने गुरुवार को नशा तस्कर, जिसकी पहचान जोगा सिंह निवासी गांव राजापुर, लुधियाना के तौर पर हुयी है, को 8 किलो हेरोइन सहित गिरफ्तार करके बड़ी सफलता दर्ज की है। ज़िक्रयोग्य है कि एसएसओसी अमृतसर ने सरहद पार से नशा तस्करी के एक रैकेट का पर्दाफाश करते हुये शिन्दर सिंह नाम के नशा तस्कर को गिरफ्तार करके उसके पास से 10 किलो हेरोइन और 1.5 लाख रुपए की ड्रग मनी बरामद की थी। इस माड्यूल से जुड़ी एक महिला नशा तस्कर अमनदीप कौर उर्फ दीप भाई को भी 1 किलो हेरोइन सहित काबू किया गया था। दोषी जोगा सिंह के पास से 8 किलो हेरोइन बरामद करने के बाद इस माड्यूल से हेरोइन की कुल बरामदगी 22 किलो तक जा पहुंची है।

एसएसपी जालंधर ग्रामीण मुखविन्दर सिंह भुल्लर ने बताया कि पुलिस के पास दोषी जोगा सिंह, जिसके पास हेरोइन की खेप थी और वह किसी व्यक्ति को उसकी डिलवरी देने जा रहा था, सम्बन्धी पुख्ता सूचना थी। इसी सूचना के आधार पर गौराया पुलिस स्टेशन की पुलिस टीम ने गांव धुलेता के नजदीक विशेष नाका लगाया और दोषी जोगा सिंह को उस समय काबू किया जब वह अपने प्लैटिना मोटरसाईकल पर खेप की डिलीवरी देने जा रहा था और उसके पास से बैग में छुपा कर रखी 8 किलो हेरोइन भी बरामद की गई।

## स्वच्छ और सुरक्षित डिजिटल पारिस्थिति की तंत्र को बढ़ावा देने के लिए मोबाइल उपयोगकर्ता सुरक्षा के लिए दो सुधार पेश



**नई दिल्ली.** भारत सरकार ने सुरक्षा और उपभोक्ता संरक्षण के सर्वोच्च मानदंडों को बरकरार रखते हुये डिजिटल समावेशी समाज को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता को मजबूती देते हुये दूरसंचार, रेलवे और इलेक्ट्रानिक्स एवं आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने उपभोक्ता सुरक्षा को बेहतर बनाने और डिजिटल बदलाव की दिशा में दो सुधारों की शुरुआत की। पहला केवाईसी रिफार्म और दूसरा पांइट आफ सेल (पीओएस) पंजीकरण सुधार है।

ये दोनों सुधार इससे पहले संचार साथी के साथ शुरू किये गये सुधारों की दिशा में ही आगे बढ़ाये गये हैं। एक नागरिक केन्द्रित पोर्टल शुरू किया गया जिसमें साइबर अपराध और वित्तीय धोखाधड़ी की बुराई के खिलाफ भारत की लड़ाई को मजबूती देने का प्रयास किया गया था।

**पाइंट आफ सेल (पीओएस) पंजीकरण सुधार :** इस सुधार में लाइसेंस धारक द्वारा फ्रेंजाइजी, एजेंट और वितरकों (पीओएस) के अनिवार्य पंजीकरण की शुरुआत की गई। इससे ठगी करने वाले पीओएस हटाने में मदद मिलेगी, ऐसे पीओएस जो कि धोखाधड़ी के हथकंडे अपनाकर असामाजिक/राष्ट्र-विरोधी तत्वों को मोबाइल सिम जारी कर देते हैं।

वहीं पीओएस पंजीकरण प्रक्रिया में लाइसेंसधारक द्वारा पीओएस का निर्विवाद सत्यापन शामिल है। इस प्रक्रिया के जरिये पीओएस और लाइसेंसधारक के बीच लिखित समझौता अनिवार्य बना दिया गया है। ऐसे में कोई भी पीओएस यदि किसी अवैध गतिविधि में लिप्त होता है तो उसे बंद कर दिया जायेगा साथ ही तीन वर्ष के लिये उसे काली सूची में डाल दिया जायेगा। इस प्रक्रिया के तहत लाइसेंसधारक द्वारा सभी मौजूदा पीओएस को 12 माह में पंजीकृत कराया जायेगा।

**केवाईसी सुधार :** केवाईसी यानी अपने ग्राहक को जानो एक ऐसी प्रक्रिया है जो कि ग्राहक की अलग तरीके से पहचान करता है और उसे दूरसंचार सेवायें देने से पहले उसकी पूरी जानकारी लेता है। मौजूदा केवाईसी प्रक्रिया को और मजबूत बनाना दूरसंचार ग्राहकों को किसी भी संभावित धोखाधड़ी से बचाने का एक साधन मात्र है ताकि डिजिटल कारोबार के समूचे तंत्र में आम जनता का विश्वास और मजबूत हो सके।

प्रिंट किये आधार के दुरूपयोग को रोकने के लिये प्रिंट आधार के क्यूआर कोड की स्कैनिंग कर अनिवार्य तौर पर उसका जनसांख्यिकीय ब्यौरा लिया जायेगा। इसमें यदि मोबाइल नंबर बंद कर दिया जाता है तो इसे 90 दिन की समाप्ति से पहले किसी नये ग्राहक को आवंटित नहीं किया जायेगा। ग्राहक को अपने सिम को बदलने के लिये पूरा केवाईसी ब्यौरा देना होगा और उसमें आउगोइंग और इनकमिंग एसएमएस सुविधा पर 24 घंटे की रोक होगी। आधार ई-केवाईसी प्रक्रिया में अंगूठे के निशान और आंखों की पुतली के सत्यापन के साथ ही अब चेहरे की पहचान पर आधारित बायोमेट्रिक सत्यापन की भी मंजूरी दी गई है।

## बाजवा ने ढिलाई बरतने के लिए की 'आप' की आलोचना

• **जालंधर ब्रीज.** क़ादियाँ (गुरदासपुर)



पंजाब के नेता प्रतिपक्ष प्रताप सिंह बाजवा ने गुरुवार को पंजाब में बाढ़ की स्थिति पर ढिलाई बरतने के लिए आम आदमी पार्टी के नेतृत्व वाली सरकार की आलोचना की, जबकि राज्य के विभिन्न हिस्सों में बाढ़ का खतरा अभी भी मंडरा रहा है। मुख्यमंत्री भगवंत मान ने कल ट्वीट किया कि बाढ़ की स्थिति नियंत्रण में है और वह हिमाचल प्रदेश सरकार और बीबीएमबी अधिकारियों के संपर्क में हैं। हालांकि, जमीनी स्तर पर स्थिति काफी गंभीर है।

वरिष्ठ कांग्रेस नेता बाजवा ने कहा कि पोंग बांध से छोड़े गए अतिरिक्त पानी के कारण होशियारपुर जिले के मुकेरियां और दसूहा उपमंडलोंऔर गुरदासपुर जिले के सैकड़ों गांव जलमग्न हो गए हैं। बाढ़ प्रभावित इलाकों के निवासियों के मुताबिक, बाढ़ से हुई क्षति 1988 की तुलना में काफी अधिक है। अधिकारियों को डर है कि एक दिन में सबसे खराब स्थिति हो सकती है क्योंकि हिमाचल प्रदेश में भारी बारिश की आशंका है। यदि चेतावनी जारी की गई थी तो आप सरकार कार्रवाई करने में विफल क्यों रही? बाजवा ने कहा कि अब समय आ गया है कि पंजाब के मुख्यमंत्री जो उपदेश दे रहे हैं उस पर अमल करें। उन्हें पहले की तरह गिरदावरी रिपोर्ट का इंतजार किए बिना तुरंत राहत पैकेज की घोषणा करनी चाहिए। उन्हें सोशल मीडिया पर बड़े-बड़े दावे करने से बचना चाहिए और तुरंत मुआवजा देना चाहिए।

## आठ पदक विजेताओं और मुकाबलेबाज़ों का सम्मान



• **जालंधर ब्रीज.** चंडीगढ़

मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने बर्लिन में विशेष ओलंपिक वर्ल्ड समर गेम्ज़-2023 के दौरान राज्य का नाम चमकाने वाले आठ विशेष खिलाड़ियों और उनके कोच का सम्मान किया। मुख्यमंत्री ने रोलर स्केटिंग में स्वर्ण पदक जीतने वाली एम. डी. निसार, दो कांस्य पदक जीतने वाली रेनू और एक कांस्य पदक जीतने वाली सीता का सम्मान किया। उन्होंने रिवायती फ़ुटबाल मुकाबले में स्वर्ण पदक जीतने वाले जतिन्दर सिंह और हरजीत सिंह, बास्केटबॉल में रजत पदक जीतने वाली प्रिया देवी, यूनीफाईड फ़ुटबाल में कांस्य पदक जीतने वाली ज्योति कौर का भी सम्मान किया गया। इस मौके पर दूसरों के इलावा कैबिनेट मंत्री गुरमीत सिंह मीत हेयर, विशेष मुख्य सचिव सरवजीत सिंह, मुख्यमंत्री के विशेष प्रमुख सचिव रवि भगत और कुमार अमित उपस्थित थे।

## पंजाब के 14 जिलों में 'लीगल ऐड डिफेंस काउंसिल सिस्टम' दफ़्तरों का वर्चुअल उद्घाटन

### चुने गए वकील समाज के कमज़ोर और पिछड़े वर्गों को समय पर और सही सलाह के लिए ज़िम्मेदार और जवाबदेह होंगे

• **जालंधर ब्रीज.** चंडीगढ़



चीफ़ जस्टिस माननीय रवि शंकर झा द्वारा आज पंजाब के 14 जिलों में "लीगल ऐड डिफेंस काउंसिल सिस्टम" के दफ़्तरों का वर्चुअल उद्घाटन किया गया। मैंबर सचिव जी द्वारा बताया गया कि लीगल ऐड डिलिवरी सिस्टम को और ज्यादा प्रभावी और नतीजा-प्रमुख बनाने के लिए नेशनल लीगल सर्विसेज़ अथॉरिटी (नालसा) ने लीगल ऐड डिफेंस काउंसिल सिस्टम का संकल्प लिया है जोकि सार्वजनिक डिफैंडर सिस्टम की तर्ज़ पर है।

पंजाब और हरियाणा हाई कोर्ट के चीफ़ जस्टिस और पंजाब राज्य कानूनी सेवा अथॉरिटी के पैटर्न-इन-चीफ़ माननीय जस्टिस रवि शंकर झा ने पंजाब राज्य कानूनी सेवा अथॉरिटी के कार्यकारी चेयरमैन जस्टिस गुरमीत सिंह संधावालीया, जस्टिस अरुण पल्ली और जस्टिस हरप्रीत कौर जीवन की हाज़िरी में पंजाब के 14 ज़िला कानूनी सेवा अथॉरिटी अमृतसर, बरनाला, फरीदकोट, फ़िरोज़पुर, गुरदासपुर, होशियारपुर, जालंधर, लुधियाना, मोगा, पठानकोट, पटियाला, रूपनगर, श्री मुक्तसर साहिब और तरन तारन में 'लीगल ऐड डिफेंस काउंसिल सिस्टम' दफ़्तरों का वर्चुअली उद्घाटन किया है। इस मौके पर पंजाब राज्य कानूनी सेवा अथॉरिटी के कार्यकारी चेयरमैन जस्टिस गुरमीत सिंह संधावालीया ने ज़िला और सैशन जजों, सचिवों, ज़िला कानूनी सेवा अथॉरिटीज़ और एल. ए. डी. सी. एस. के अधीन लगे वकीलों को संबोधन करते हुये बताया कि पंजाब राज्य कानूनी सेवा अथॉरिटी उन लोगों को कानूनी सेवाएं प्रदान करती है जो कानूनी सेवा अथॉरिटीज़ एक्ट, 1987 की धारा 12 में दर्शाये मापदण्डों अनुसार गिरफ़्तारी से पहले, गिरफ़्तारी के मौके, रिमांड और आपराधिक मामलों में कानूनी सहायता के लिए योग्य हैं। उन्होंने आगे बताया कि लीगल एड डिफेंस काउंसल सिस्टम के अंतर्गत चुने गए वकील अपनी निजी प्रेक्टिस नहीं कर सकते और वह समाज के कमज़ोर और पिछड़े वर्गों को समय पर और सही सलाह के लिए ज़िम्मेदार और जवाबदेह होंगे। इस सिस्टम के अंतर्गत आपराधिक मामलों में कानूनी सहायता सम्बन्धी वकील अपना पूरा समय देंगे जिससे लीगल एड डिफेंस काउंसल की उपलब्बधता, पहुंचयोगता, प्रभावशीलता, कुशलता और जवाबदेही बढ़ेगी। पंजाब के 14 जिलों में ज़रूरतों अनुसार लीगल एड डिफेंस काउंसल सिस्टम प्रोजैक्ट के अंतर्गत कुल 86 सलाहकार मौजूद हैं।

लीगल एड डिफेंस काउंसल सिस्टम के वर्चुअल उद्घाटन के दौरान, रमेश चंद्र डिमरी, रजिस्ट्रार जनरल, कमलजीत लांबा, रजिस्ट्रार विजीलैंस, मनजिन्दर सिंह, मैंबर सचिव, पंजाब राज्य कानूनी सेवा अथॉरिटी और स्मृति धीर, अतिरिक्त मैंबर सचिव, पंजाब राज्य कानूनी सेवा अथॉरिटी, एसएएस नगर भी उपस्थित थे।


# रामेश्वरम जाने की कर रहे हैं प्लानिंग, जानिए दिल्ली से पहुंचने का तरीका

**DHARAM YATRA**

**12 ज्योतिर्लिंगों में से एक रामेश्वरम मंदिर भगवान शिव को समर्पित है। मंदिर को लेकर लोगों की अलग-अलग मान्यता है, तो आइए जानते हैं रामेश्वरम मंदिर पहुंचने का तरीका।**







• **जालंधर ब्रीज.** फीचर

रामेश्वरम के ज्योतिर्लिंग मंदिर में भगवान शिव का पवित्र मंदिर है। माना जाता है कि भगवान शिव स्वयं इस जगह पर आए थे। इसलिए इस मंदिर को लेकर खास मान्यता है। ये 12 ज्योतिर्लिंगों में से एक है। कहते हैं कि इस मंदिर में जाने से भक्तों के पाप धुल जाते हैं और मोक्ष प्राप्त होता है। अगर आप यहां जाना चाहते हैं तो आइए जानते हैं रामेश्वरम के रामेश्वरम मंदिर पहुंचने का तरीका।

**फ्लाइट-** रामेश्वरम ज्योतिर्लिंग के सबसे पास मदुरै एयरपोर्ट है, जहां से रामेश्वरम ज्योतिर्लिंग की दूरी करीब 170 किमी. है। मदुरै एयरपोर्ट से आप बस और टैक्सी दोनों साधन के माध्यम से रामेश्वरम जा सकते हैं। यहां से गवर्नमेंट और प्राइवेट दोनों तरह की बसें बड़े ही आसानी से मिल जाएगी। बजट में रहकर ट्रिप पूरा करना है तो बस से जाने का ऑप्शन चुनें।

**बस-** चेन्नई और मदुरै के साथ-साथ देश के दूसरे राज्यों के कुछ बड़े शहरों से रामेश्वरम जाने के लिए डायरेक्ट बस मिल जाएगी। अगर आप इस यात्रा को बस के माध्यम से कंप्लीट करने का प्लान कर रहे हैं, तो कोई परेशानी नहीं होगी। आप आसानी से अपने शहर से बस के द्वारा रामेश्वरम मंदिर के ट्रिप को कंप्लीट कर सकते हैं।

**ट्रेन-** रामेश्वरम मंदिर से मात्र 2 किमी. दूर रामेश्वरम रेलवे स्टेशन है, लेकिन एक छोटे-से रेलवे स्टेशन होने की वजह से यहां पर सिर्फ आसपास के ही कुछ शहरों से ट्रेन चलती है। हालांकि, मदुरै जंक्शन से रामेश्वरम मंदिर करीब 175 किमी. की दूरी पर है। मदुरै जंक्शन से आपको बस और टैक्सी आसानी से मिल जाएगी।

---

**FASHION+**

# फूलोंवाली साड़ी में बेहद हसीन नजर आईं यामी गौतम

**यामी गौतम फिल्म ओएमजी 2 के प्रमोशन में बिजी हैं। लेटेस्ट फोटोज में यामी गौतम का साड़ी लुक फैंस को इंप्रेस कर रहा है। जिसमे वो पर्पल कलर की साड़ी पहनकर रेडी हैं।**



• **जालंधर ब्रीज.** फीचर

यामी गौतम जल्दी ही अक्षय कुमार की फिल्म ओएमजी 2 में नजर आने वाली हैं। फिल्म के प्रमोशन से लेकर स्क्रीनिंग तक में यामी का गॉर्जियस लुक हर किसी को फैन बना रहा है। अपने एलिगेंट लुक से यामी गौतम हर बार लोगों का ध्यान खींच रही हैं। फिल्म के प्रमोशन के लिए पहुंची यामी ने ट्रेडिशनल लुक को कैरी किया है। फ्लोरल साड़ी में वो काफी अट्रैक्टिव दिख रही हैं। जिसे देख फैंस जमकर कमेंट कर रहे हैं।

### फिल्म के प्रमोशन के लिए चुनी फ्लोरल साड़ी

यामी गौतम की लेटेस्ट पिक्स सामने आई हैं। जिसमे वो लैवेंडर कलर की साड़ी पहनकर रेडी हैं। साड़ी पर ऑलिव ग्रीन कलर के फ्लोरल प्रिंट बने हैं। वहीं साथ में मैचिंग ब्लाउज काफी एलिगेंट लुक दे रहा है। जिसकी राउंड नेक लाइन और हाफ स्लीव डिजाइन यामी गौतम को परफेक्ट लुक दे रही थी। पर्पल कलर की साड़ी के साथ मेसी लो बन और ग्रीन ईयररिंग्स खूबसूरत लुक दे रहे था।

### फेस्टिवल सीजन के लिए है परफेक्ट

यामी गौतम का ये स्वीट एथिनिक लुक त्योहारों के सीजन के लिए बिल्कुल परफेक्ट है। अगर इस रक्षाबंधन आप साड़ी पहनने का प्लान कर रही हैं तो फ्लोरल प्रिंट की साड़ी कंफर्टेबल लुक देगी।

# लंच में बनाएं आलू-बैंगन की सब्जी नए तरीके से, पराठे संग लगेगी टेस्टी

**रोज के खाने में नया बनाने का स्ट्रगल करती हैं तो इस बार आलू बैंगन की सब्जी बनाएं। वैसे तो बैंगन खाना बहुत लोगों को पसंद नहीं होता लेकिन इस तरह से बनी सब्जी बच्चों और बड़ों सबको पसंद आएगी**






• **जालंधर ब्रीज.** रेसिपी

घर में बैंगन की सब्जी बना दे तो अक्सर बच्चे और बड़े सब नाक-मुंह सिकोड़ने लगते हैं और कोई भी सब्जी खाने को राजी नहीं होता। अगर आप चाहते हैं कि बच्चे हर तरह की सब्जियों का स्वाद लें। तो इस बार लंच में बिल्कुल नए तरीके से बैंगन की सब्जी बनाएं। जिसे खाने के बाद बच्चे बार-बार इसे खाने की डिमांड करेंगे। तो चलिए जानें कैसे बनाएं बैंगन की सब्जी बिल्कुल नए तरीके से।

### आलू-बैंगन की सब्जी बनाने की सामग्री


- 2-3 मध्यम आकार वाले बैंगन
- छोटे आकार के आलू 5-6
- 3-4 छोटे टमाटर
- जीरा
- हल्दी
- कसूरी मेथी
- कश्मीरी लाल मिर्च
- नमक
- मेथी
- हींग
- प्याज लच्छेदार कटा हुआ
- 3 चम्मच सरसो का तेल
- 5-6 लहसुन की कलियां

### बनाने की रेसिपी

सबसे पहले बैंगन का छिलका उतार लें। अब इसे लंबे आकार में काट लें। साथ में टमाटर को काट लें। आलू को छीलकर धो लें। इन सारी सब्जियों और लहसुन को कूकर में डालें और पानी डालकर सीटी लगा दें। दो से तीन सीटी बजने पर गैस बंद कर दें। पैन में सरसों का तेल डालें। जब तेल गर्म हो जाए तो जीरा चटकाएं। साथ में हींग डालें। बारीक कटे प्याज को डालकर अच्छी तरह से सुनहरा भून लें। प्याज भुन जाए तो हल्दी, कश्मीरी लाल मिर्च, मिर्च और अदरक का पेस्ट डालकर भूनें।

मसालों में कसूरी मेथी और धनिया पाउडर डालें। साथ में गरम मसाला डालकर पकी हुई सब्जियों को डाल दें। अच्छी तरह से भूनें। टमाटर और बैंगन को करछी से मसलकर भूनकर पकाएं। बस तैयार है टेस्टी बैंगन की सब्जी। इसे गर्मागर्म पराठे के साथ सर्व करें।

# पढ़ने से दूर भगाता है आपका बच्चा तो अपनाएं ये टिप्स, सेल्फ स्टडी की पढ़ेगी आदत



**PARENTING**

**बच्चों की ये आदत आगे चलकर पेरेंट्स के लिए एक बड़ी चिंता का कारण बनने लगती है। अगर आपकी भी अपने बच्चे से यही शिकायत है कि वो पढ़ाई मन लगाकर नहीं करता है तो**

• **जालंधर ब्रीज.** फीचर

सभी पेरेंट्स अपने बच्चों का उज्ज्वल भविष्य चाहते हैं। इसके लिए वो अपनी तरफ से पूरी कोशिश भी करते हैं। लेकिन कई बार माता-पिता की लाख कोशिशों के बावजूद उन्हें अपने बच्चों से यह शिकायत बनी रहती है कि वो मन लगाकर पढ़ते नहीं हैं। बच्चों को पढ़ने के लिए बोलने पर वो या तो चिढ़चिढ़े होकर रोने लगते हैं या फिर पढ़ाई से दूरी बनाने लगते हैं। बच्चों की ये आदत आगे चलकर पेरेंट्स के लिए एक बड़ी चिंता का कारण बनने लगती है। अगर आपकी भी अपने बच्चे से यही शिकायत है कि वो पढ़ाई मन लगाकर नहीं करता है तो अपनाएं ये टिप्स।

### बच्चों का मन पढ़ाई में लगाने के टिप्स-

**प्रयास की सराहना करें-** बच्चे की छोटी-छोटी सफलता के लिए उसकी सराहना करें। साथ ही बच्चे को पढ़ाई के लिए अलग-अलग तरह से प्रेरित करके उसका ध्यान पढ़ाई की तरफ आकर्षित करें। बच्चे से अगर कोई गलती हो जाए तो उसे डांटने की जगह प्यार से समझाएं। बच्चे को समय दें और साथ बैठकर उसका होमवर्क कराने में उसकी मदद करें।

**हेल्दी डाइट-** बच्चों में पोषण की कमी का सीधा असर उनके शारीरिक और मानसिक विकास पर पड़ सकता है। अच्छे स्वास्थ्य और मानसिक विकास के लिए संतुलित आहार मिलना जरूरी है। ऐसे में जंक फूड की जगह बच्चे को हेल्दी फूड खाने की आदत डालें।

**नींद का रखें खास ख्याल-** नींद पूरी न होने पर भी बच्चे का मन पढ़ाई में नहीं लगता है। पढ़ाई के दौरान उसे नींद आती रहती है। बच्चे की नींद पूरी होने पर उसकी एकाग्रता और पढ़ाई में सुधार देखने को मिल सकता है।

**एक्सरसाइज -** डब्लूएचओ के अनुसार, एक्सरसाइज करने से बच्चे की पढ़ाई पर सकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है। व्यायाम करने से एकाग्रता में सुधार होता है, जिससे बच्चे को अपना पाठ जल्दी याद हो सकता है।

**कमरे में वेंटिलेशन-** बच्चे के पढ़ने के लिए उसका कमरा हवादार होना चाहिए। शोध के अनुसार, बच्चे का पढ़ाई में मन लगे, इसके लिए उनके कमरे में सही वेंटिलेशन होना जरूरी होता है।

# रूबीना दिलैक के स्वैग पर फैंस हार बैठे दिल, बॉस लेडी लुक में लग रहीं कमाल की खूबसूरत



• **जालंधर ब्रीज.** फीचर

रूबीना दिलैक टीवी की उन एक्ट्रेस में से गिनी जाती हैं जो फैशन के मामले में एक्सपेरिमेंट करती रहती हैं। वहीं उनका सोशल मीडिया फीड्स भी ढेर सारे फोटोज से भरा रहता है। जिसमे वो कभी गॉर्जियस तो कभी ब्युटीफुल लुक से फैंस को दीवाना बनाती रहती हैं। लेटेस्ट फोटोज में रूबीना बॉस लेडी लुक में नजर आ रही हैं। जिसे देखने के बाद फैंस का प्यार उनकी फोटोज पर बरस रहा है।

**बॉस लेडी लुक से चुराया दिल _** रूबीना दिलैक ने फैंस का दिल चुराने के लिए बॉस लेडी लुक को चुना है। को-आर्ड सेट के साथ पेयर ब्लेजर उनके लुक को परफेक्ट बना रहा है। दरअसल, लेटेस्ट फोटोशूट में रूबीना ने लांग ब्लू टॉप के साथ शाट्‌र्स को कैरी किया है। ब्लू टॉप की क्लोज्ड नेकलाइन और सैटिन फैब्रिक वाला शाट्‌र्स काफी गॉर्जियस दिख रहा है। जिसे रूबीना ने पिंक ओवरसाइज ब्लेजर के साथ पेयर किया है।

**यूं किया स्टाइल _** रूबीना ने इस को-आर्ड सेट के साथ व्हाइट स्नीकर और पिंक एंड व्हाइट मैचिंग के स्लिंग बैग को कैरी किया है। वहीं खुले वेवी कर्ल बालों के साथ मैट रेड लिपस्टिक का शेड खूबसूरती को निखारने के लिए काफी दिख रहा है। जबकि वेल डिफाइन ब्राउन आईब्रो, सॉफ्ट ब्राउन आईशैडो और गालों पर लगा गुलाबी ब्लश अट्रैक्टिव दिख रहा है। तो अगर आप अपने सिंपल से को-आर्ड सेट को स्टाइलिश लुक देना चाहती हैं तो रूबीना दिलैक की तरह अपोजिट कलर के ब्लेजर को कैरी करें। ये लुक कॉलेज से लेकर ऑफिस वियर में आपको गॉर्जियस और डिसेंट लुक देगा।

# कभी नहीं खाना चाहिए ये 5 तरह के बीज, सेहत के लिए होते हैं अनहेल्दी

**HEALTH CARE**

**हेल्दी रहने के लिए न्यूट्रिशियस फूड्स का खाना जरूरी है। इसमे कुछ सीड्स भी शामिल होते हैं जैसे चिया सीड्स, फ्लैक्स सीड्स लेकिन कुछ सीड्स ऐसे होते हैं जिन्हें नहीं खाना चाहिए।**

• **जलंधर ब्रीज.** हेल्थ केयर



हेल्दी रहने और बहुत सारी बीमारियों को कोसों दूर रखने के लिए न्यूट्रिशियस फूड्स खाना जरूरी होता है। इसमे फल-सब्जियों से लेकर ड्राई फ्रूट्स और नट्स शामिल हैं। साथ ही कुछ खास तरह के बीजों को भी हेल्थ के लिए फायदेमंद माना जाता है। जैसे चिया सीड्स, फ्लैक्स सीड्स, पंपकिन सीड्स, सनफ्लावर सीड्स। वहीं कुछ बीज ऐसे होते हैं जिन्हें अगर खा लिया जाए तो सेहत को नुकसान पहुंचा सकते हैं। इसलिए हेल्दी चीजों के अंदर पाए जाने वाले इन बीजों से दूरी बनाकर रखने में ही भलाई है। आगे जाने कौन से हैं वो सीड्स, जिन्हें ना खाने में ही भलाई है।

### टमाटर के बीज

टमाटर के बीज काफी छोटे होते हैं और अधिकतर गूदे में लिपटे रहते हैं। जिन्हें अलग करने का काम कोई नहीं करता। फिर चाहे सब्जी हो या सलाद, प्यूरी से लेकर ग्रेवी तक में आराम से शामिल कर दिए जाते हैं। लेकिन ये टमाटर के बीज ही हैं जो किडनी में स्टोन बनाने वाले कंपाउंड को रखते हैं। दरअसल, टमाटर के बीज में ऑक्सलेट होता है जो किडनी स्टोन को बनने में मदद करता है। हालांकि ये बात तो आप अच्छे से समझते होंगे कि रोजाना बहुत ज्यादा मात्रा में टमाटर के बीजों को खाने पर ही ये स्टोन बनाएंगे।

### सेब के बीज

सेब तो बहुत ही फायदेमंद फ्रूट है। जिसे लगभग हर किसी को खाने की सलाह दी जाती है। लेकिन आप जानते हैं कि इतने हेल्दी सेब का बीज जहरीला होता है। सेब के बीजों में खास तरह का कंपाउड अमिगडैलिन होता है। अगर सेब के बीज को खा लिया जाए तो पचते समय ये कंपाउंड हाइड्रोजन साइनाइड बनाने लगता है। जिसकी वजह से मौत होने के भी चांस रहते हैं। लेकिन जानने वाली बात है कि शरीर में हाइड्रोजन साइनाइड की मात्रा जब हर एक किलो पर 15.2 मिलीग्राम होगी। तब ही मौत का खतरा होता है। अगर आपने एक दो बीज सेब के खा लिए तो चिंता की बात नही है।

इन फलों के बीज भी होते हैं नुकसानदेह

सेब के अलावा प्लम, खुबानी, चेरी, आलूबुखारा के बीज भी हेल्दी समझकर नहीं खाना चाहिए। इन सबमे जहरीले कंपाउड होते हैं। इसलिए इन सारे फ्रूट्स को खाते समय बीज को खाने से पूरी तरह बचना सही है।

### लीची के बीज

चेरी और खुबानी जैसे फलों के साथ ही लीची के बीज भी नहीं खाने चाहिए। अक्सर लोग जामुन के फायदेमंद गुठली की तरह लीची के बीजों को भी फायदेमंद समझते हैं। लेकिन ये अनहेल्दी होते हैं। स्टडी में पता चला है कि लीची के बीजों में खास तरह का अमीनो एसिड होता है जो ब्लड ग्लूकोज लेवल को प्रभावित करता है। साथ ही ये दिमाग में सूजन का कारण भी बनते हैं।

### लाल राजमा

लाल वाले राजमा को कभी भी कच्चा खाने की गलती नहीं करनी चाहिए। इसीलिए हमेशा मम्मी राजमा को भिगोकर पकाने के बाद ही खाने को देती हैं। दरअसल, लाल राजमा में ऐसे कंपाउंड होते हैं जो रेड ब्लड सेल्स का थक्का बनाने लगते हैं। जो कि बहुत ही खतरनाक कंडीशन है। अगर आप 4-5 कच्चे लाल राजमा को भी चबाकर खा जाते हैं तो ये उल्टी और डायरिया का कारण बन जाते हैं। भिगोकर उबालने से राजमा के ये हार्मफुल कंपाउंड खत्म हो जाते हैं और इसका न्यूट्रिशन शरीर को मिलता है।

# पीएमकेएसके भारत के कृषि क्षेत्र को बदल सकता है : डॉ. मनसुख मंडाविया

• **जालंधर ब्रीज.** नई दिल्ली

आर्थिक सर्वेक्षण 2022-23 के अनुसार, देश की लगभग 65% आबादी ग्रामीण क्षेत्रों में रहती है और 47% आजीविका के लिए कृषि पर निर्भर है। कृषि एक समयबद्ध गतिविधि है जिसमें उत्पादन और उत्पादकता को अधिकतम करने के लिए सही समय पर सही कृषि-इनपुट की आवश्यकता होती है। कृषि-इनपुट कृषि के आवश्यक तत्व हैं और एक कुशल वितरण प्रणाली कृषि आय की वृद्धि में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

भारत में, इनपुट सेवाओं का नेटवर्क बिखरा हुआ है और साइलो में बीज, उर्वरक, कीटनाशकों और उपकरणों के लिए अलग-अलग डीलर नेटवर्क काम कर रहे हैं। इसके अलावा, मिट्टी, बीज, उर्वरक की जांच की सुविधाएं और विभिन्न योजनाओं की जानकारी अलग-अलग एजेंसियों के माध्यम से असंबद्ध और टुकड़ों में किसानों तक पहुंचती है। यह व्यवस्था एक समुचित निर्णय लेने के लिए प्रौद्योगिकी-आधारित समग्र जानकारी प्रदान करने में विफल रहता है। जिसका समाधान सरकार द्वारा समर्थित एक छत के नीचे किसानों को समग्र सुविधाएँ प्रदान करने में निहित है, जिस पर किसान भरोसा कर सकें और उसका पालन कर सकें। अतीत में, निजी क्षेत्र ने किसानों के इनपुट और सेवाओं के लिए ऐसे ही केंद्रों के मॉडल को दोहराने की कोशिश की है, लेकिन काफी हद तक असफल रहा।

इस प्रकार, मौजूदा उर्वरक खुदरा दुकानों को वन-स्टॉप शॉप समाधान , प्रधान मंत्री किसान समृद्धि केंद्र (पीएमकेएसके) में बदलने का विचार किसानों की जरूरतों को पूरा करने के लिए एक स्थायी और दीर्घकालिक समाधान के रूप में सामने आया है। इस कार्यक्रम ने देश के कृषि क्षेत्र में क्रांतिकारी परिवर्तन की शुरुआत की है। किसानों को सशक्त बनाने और कृषि विकास को बढ़ावा देने की दृष्टि से, इस पहल का उद्देश्य कृषि



**डॉ. मनसुख मंडाविया**
(केंद्रीय रसायन और उर्वरक, और स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री)

इनपुट, सूचना और सेवाओं तक पहुंच को आसान बनाना, किसानों के जीवन का उत्थान करना और देश की प्रगति में योगदान देना है।

पीएमकेएसके पहल के तहत, लगभग 280,000 सक्रिय खुदरा उर्वरक दुकानें किसानों के लिए व्यापक वन-स्टॉप शॉप में चरणबद्ध रूपांतरण के दौर से गुजर रही हैं। इसके मूल में, पीएमकेएसके किसानों को परेशानी मुक्त तरीके से उर्वरक, बीज और कीटनाशक, ड्रोन सेवाओं और कीटनाशकों सहित छोटी कृषि मशीनरी सहित कृषि-इनपुट की एक विविध श्रृंखला की पेशकश केंद्रित है। एक महत्वपूर्ण पहलू मिट्टी और बीज परीक्षण सुविधाओं का प्रावधान भी है। किसानों को उनकी



विशिष्ट मिट्टी और फसल की स्थितियों के बारे में ज्ञान प्रदान करके, ये सुविधाएं उचित निर्णय लेने, अनुकूलित संसाधन उपयोग और उच्च पैदावार को सक्षम बनाती हैं। यह सटीक कृषि और संसाधन-कुशल कृषि पद्धतियों को बढ़ावा देता है। इसके अलावा, पीएमकेएसके एक ज्ञान केंद्र के रूप में काम करते हैं, जो फसलों और सरकारी कल्याण योजनाओं पर महत्वपूर्ण जानकारी का प्रसार करते हैं। सूचना अंतर को पाटते हुए, ये केंद्र किसानों को सही विकल्प चुनने के लिए सशक्त बनाते हैं, जिससे उनकी दक्षता और आय में वृद्धि होती है।

इसका उद्देश्य लाखों किसानों के जीवन को सरल बनाना है। हाल के घटनाक्रम इसकी सफलता को दर्शाते हैं। 27 जुलाई को राजस्थान के सीकर में आयोजित पीएम-किसान सम्मेलन जैसे एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने 125,000 पीएमकेएसके राष्ट्र को समर्पित किए। देश भर के लगभग 20 मिलियन किसानों की व्यापक भागीदारी इस पहल पर अंतिम उपयोगकर्ताओं तक पहुंच की सकारात्मक मुहर दिखाती है।

सफलता का अंदाजा विभिन्न हितधारकों के बीच एकता और गर्व की भावना से भी लगाया जा सकता है। एक हालिया सर्वेक्षण से पता चला है कि केंद्रों पर आने वाले किसानों की संख्या में पहले से ही 15-20% की वृद्धि हुई है और यह पाया गया है कि वे पीएमकेएसके के माहौल और उपलब्ध इनपुट से खुश हैं। इन पीएमकेएसके के माध्यम से नैनो यूरिया की बिक्री भी 6 करोड़ रुपये तक पहुंच गई है। उर्वरक कंपनियों द्वारा समर्थित ड्रोन उद्यमी उर्वरकों और रसायनों के छिड़काव को बेहतर तरीके से बढ़ावा देने के लिए धीरे-धीरे किसानों को पीएमकेएसके के साथ जोड़ पा रहा है। राज्यों, केवीके और डीलरों के बीच बढ़ते संबंधों के परिणामस्वरूप ज्ञान और सेवाओं का सफल प्रसार हुआ है।

पीएमकेएसके पहल किसानों को सशक्त बनाने और देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ को मजबूत करने में गेम चेंजर साबित हो रही है। कृषि इनपुट्स और नॉलेज तक पहुंच को सरल बनाकर, आधुनिक प्रौद्योगिकियों के साथ किसानों को सशक्त बनाकर और टिकाऊ प्रथाओं को बढ़ावा देकर, पीएमकेएसके कृषक समुदाय के लिए समृद्धि के एक नए युग की शुरुआत कर रहे हैं। अटूट सरकारी समर्थन और हितधारकों के सामूहिक प्रयासों से, पीएमकेएसके सकारात्मक बदलाव लाना जारी रखेंगे, देश की कृषि रीढ़ को मजबूत करेंगे और एक संपन्न और आत्मनिर्भर कृषि पारिस्थितिकी तंत्र में योगदान देंगे।

## सीमा सुरक्षाबल पश्मिमी कमान द्वारा77वां स्वतंत्रता दिवस का आयोजन





• **जालंधर ब्रीज.** चंडीगढ़

देश के आजादी के 77वें स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवर पर मुख्यालय सीमा सुरक्षाबल पश्चिमी कमान चंडीगढ़ में बल के अधिकारीगण व अन्य सदस्य स्वतंत्रता दिवस के कीर्ति गान हेतु एकत्रित हुए। कार्यक्रम की शुरुआत पीवी रामाशास्त्री, भा.पु. सेवा, विशेष महानिदेशक, सीमा सुरक्षाबल, पश्चिमी कमान, चंडीगढ़ द्वारा ध्वजारोहण के साथ हुई। कार्यक्रम में बल के विभिन्न पदाधिकारियों एवं जवानों ने हिस्सा लिया। जिसमें लगभग 250 अधिकारी अधीनस्थ अधिकारी और जवान उपस्थित रहे।

राष्ट्र प्रथम सदैव प्रथम पर प्रकाश डालते हुए पीवी रामाशास्त्री, भा.पु. सेवा, विशेष महानिदेशक, सीमा सुरक्षाबल, पश्चिमी कमान, चंडीगढ़ ढने सैनानियों के योगदान की याद दिलाई जो विशेष रूप से हमारे स्वतंत्रता संग्राम के दौरान सभी बाधाओं के खिलाफ मजबूती से खड़े रहे।

## डेरा ब्यास ने बाढ़ प्रभावित इलाकों के लिए 'मुख्यमंत्री राहत कोष' में 2 करोड़ रुपए का योगदान दिया



• **जालंधर ब्रीज.** चंडीगढ़

राज्य के बाढ़ प्रभावित लोगों को संकट से निकालने के लिए राज्य सरकार की वचनबद्धता को दोहराते हुए पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने आज कहा कि सरकार इस नेक कार्य के लिए कोई कसर बाकी नहीं छोड़ेगी। बाढ़ प्रभावित इलाकों में लोगों की मदद के लिए आज डेरा ब्यास के एक प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री को 'मुख्यमंत्री राहत कोष' के लिए 2 करोड़ रुपए का चैक सौंपा। इस मुश्किल घड़ी में लोगों की मदद के लिए आगे आने वाले लोगों का तहे दिल से धन्यवाद करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि यह सुनिश्चित बनाने की ज़रूरत है कि लोगों को समय पर सहायता मुहैया करवाई जाए।

भगवंत सिंह मान ने कहा कि लोगों द्वारा दिए गए योगदान का एक-एक पैसा पीड़ित लोगों को बड़ी राहत देगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि ऐसा योगदान लोगों को ज़रुरी समय में सहायता पहुँचाने में बहुत सहायक होते हैं। भगवंत सिंह मान ने कहा कि समाज सेवकों द्वारा लोगों की खुले दिल से की गई मदद बाढ़ प्रभावित लोगों को निश्चित रूप से ढाढ़स देगी। उन्होंने कहा कि राज्य में बाढ़ से पहले ही बहुत नुकसान हो चुका है और सरकार ने इस नुकसान की भरपायी करने के लिए पीड़ित लोगों को मुआवज़ा देने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बाढ़ों के बाद उन्होंने विशेष गिरदावरी करवाने के हुक्म दिए थे, जिसके अंतर्गत लोगों को मुआवज़ा दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि लोगों के नुकसान की भरपायी करने के लिए फसलों, घरों और पशुओं आदि को विशेष गिरदावरी अधीन लाया गया है। भगवंत सिंह मान ने लोगों को आश्वासन दिया कि उनकी सरकार एक-एक पैसे का मुआवज़ा देगी।

## रक्षा लेखा प्रधान नियंत्रक ने 77वां स्वतंत्रता दिवस मनाया





• **जालंधर ब्रीज.** चंडीगढ़

रक्षा लेखा प्रधान नियंत्रक (पश्चिमी कमान) चंडीगढ़ के तत्वाधान में आज़ादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत 77वें स्वतंत्रता दिवस को हर्षो-उल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत दिनेश सिंह, भा.र.ले.से., रक्षा लेखा प्रधान नियंत्रक (प.क.) द्वारा कार्यालय परिसर में ध्वजारोहण के साथ हुआ।

उसके उपरान्त राष्ट्रगान तथा देशभक्ति नारों का उद्घघो किया गया। इस अवसर पर रक्षा लेखा प्रधान नियंत्रक महोदय ने कार्यालय में उपस्थित सभी अधिकारियों एवम् कर्मचारियों को सम्बोधित करते हुए भारतीय स्वंतत्रता संग्राम के शहीदों को श्रद्धांजली अर्पित की तथा इस अवसर पर नए संकल्पों के साथ आगे बढने के लिए सभी को प्रेरित किया। इस अवसर पर मिठाई का वितरण भी किया।

## सीबीसी ने पुलिस डीएवी स्कूल में 'मेरी माटी मेरा देश' कार्यक्रम का आयोजन किया

• **जालंधर ब्रीज.** जालंधर

सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार के केंद्रीय संचार ब्यूरो (सीबीसी) ने आज यहां पुलिस डीएवी पब्लिक स्कूल में 'मेरी माटी मेरा देश' नामक राष्ट्रीय कार्यक्रम का आयोजन किया।

कार्यक्रम के दौरान, मुख्य अतिथि के रूप में स्कूल की प्रिंसिपल श्रीमती रश्मी विज उपस्थित थीं, छात्रों ने देश के प्रति अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि करते हुए, प्रधान मंत्री के 'पंच प्रण' प्रतिज्ञा ली।

मंत्रालय के फील्ड प्रचार अधिकारी, राजेश बाली द्वारा प्रशासित, छात्रों ने एक हाथ में मिट्टी पकड़कर, विकसित भारत के निर्माण में अपनी भूमिका निभाने, औपनिवेशिक मानसिकता के किसी भी निशान को हटाने, हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत पर गर्व करने हुए प्रसार और संरक्षण, देश की एकता और एकजुटता के लिए प्रयास करने, राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों और जिम्मेदारियों को पूरा करने और हमारे देश के बहादुरों के बलिदान का सम्मान करने तथा राष्ट्र की रक्षा और प्रगति के लिए खुद को समर्पित करने की कसम खाई।

स्कूल प्रिंसिपल ने विद्यार्थियों से देश के विकास के लिए काम करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि राष्ट्र हमेशा पहले आता है। देश के प्रत्येक नागरिक का, चाहे



वह किसी भी पद पर कार्यरत हो, कर्तव्य है कि वह देश के विकास के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान दे।

इससे पहले, छात्रों को संबोधित करते हुए, राजेश बाली ने इस राष्ट्रीय अभियान के बारे में बताया कि 9 से 30 अगस्त, 2023 तक भारत के सभी गांवों और शहरों में इसके अंतर्गत समारोह आयोजित कर इसे एक जन-भागीदारी वाला कार्यक्रम बनाया जा रहा है, जिसके दौरान राष्ट्र के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वालों वीर नायकों और उनके परिवारों के प्रति सभी स्तरों पर आभार व्यक्त करने के लिए कई कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं ।

इस अवसर पर मुख्य कार्यक्रम के घटकों में से एक, 'वसुधा वंधन' के हिस्से के रूप में, धरती माता के नवीनीकरण और पुनः पूर्ति के लिए विभिन्न स्वदेशी प्रजातियों के 75 पौधे भी लगाए गए।

यह राष्ट्रव्यापी अभियान, जिसकी घोषणा हाल ही में प्रधान मंत्री ने अपने मन की बात प्रसारण के दौरान की थी, का उद्देश्य उन शहीदों, स्वतंत्रता सेनानियों और वीर नायकों को सम्मानित करना है जिन्होंने राष्ट्र के लिए अपने जीवन का बलिदान दिया।

'मेरी माटी मेरा देश' की परिकल्पना 'आजादी का अमृत महोत्सव' के समापन कार्यक्रम के रूप में की गई है, जिसे 12 मार्च, 2021 को आजादी के 75 साल को समर्पित करते हुए शुरू किया गया था।

## मुख्यमंत्री द्वारा 'खेडां वतन पंजाब दियां' के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन के पोर्टल की शुरुआत

• **जालंधर ब्रीज.** चंडीगढ़

राज्य में खेलों को प्रफुल्लित करने के लिए पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने आज नये पोर्टल www.khedanwatanpunjabdia.com की शुरुआत की, जिसके साथ इसी महीने की 29 तारीख़ से शुरू होने जा रही 'खेडां वतन पंजाब दियां' में हिस्सा लेने वाले खिलाड़ी इस पोर्टल पर ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करवा सकेंगे।

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर राज्य स्तरीय समागम के दौरान अपने संबोधन में मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा पिछले साल करवाई 'खेडां वतन पंजाब दियां' को लोगों ने बहुत स्वीकृति दी थी। उन्होंने कहा कि यह बहुत गर्व की बात है कि इस खेल समारोह में छह अलग-अलग उम्र वर्गों में तीन लाख से अधिक खिलाडिय़ों ने हिस्सा लिया है। भगवंत सिंह मान ने कहा कि इन खिलाडिय़ों ने 30 खेल कैटागेरियों में ब्लॉक से लेकर राज्य स्तर के अलग-अलग मुकाबलों में हिस्सा लिया था।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस साल भी यह खेल मुकाबले 29 अगस्त से शुरू होंगे, जिसमें हिस्सा लेने वाले खिलाड़ी इस पोर्टल पर ऑनलाईल आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि इस बार पाँच नयी खेल साईकलिंग, घुडसवारी, रगबी,



वुशू और वॉलीबॉल शूटिंग भी शामिल की गई हैं, जो राज्य में खेल को और अधिक प्रफुल्लित करने के लिए सरकार का विनम्र सा प्रयास है। भगवंत सिंह मान ने कहा कि राज्य में खेल का माहौल सृजन करने के लिए सरकार हर संभव यत्न कर रही है, जिससे नौजवानों की ऊर्जा को सकारात्मक दिशा में लगाया जा सके।

मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि यह खेल इस दिशा की ओर रचनात्मक कदम है, क्योंकि यह खिलाडिय़ों को अपनी प्रतिभा दिखाने का उपयुक्त मंच प्रदान कर रही हैं। भगवंत सिंह मान ने ज़ोर देकर कहा कि यह खेल राज्य सरकार को खिलाडिय़ों की ख़ूबियाँ और कमज़ोरियों की पहचान करने में भी मदद करेंगी, जोकि भविष्य में होने वाले राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों के लिए उनको तैयार करने के लिए लाभप्रद सिद्ध होंगी। उन्होंने आगे कहा कि पंजाब सरकार राज्य में खेल को प्रसिद्ध बनाने के लिए कोई कसर बाकी नहीं छोड़ रही, क्योंकि यह खेल राज्य की तरक्की और यहाँ के लोगों की खुशहाली में अहम रोल निभा सकती हैं।

# जालंधर-अमृतसर हाईवे पर उड़ रही है हाईवे नियमों की धज्जियां



लंबे समय से निर्माण अधीन पड़ा जालंधर-अमृतसर हाईवे।

**सरकारी पदों पर बैठकर बहानेबाजी करना भी देशद्रोह...**

**हाईवे के अधिकारी ठेका प्राप्त कंपनियों को मनमानी करने की इजाजत दे रहे हैं और लोगों से टोल टैक्स के रूप में बगैर सुविधा दिए करोड़ों रुपए की वसूली कर चुके हैं और अभी भी कर रहे हैं...**

• **जालंधर ब्रीज.** विशेष रिपोर्ट

अमृतसर शहर में शायद ही दुनिया का कोई व्यक्ति जो नतमस्तक होना ना चाहता हो क्योंकि इस शहर को गुरु की नगरी भी कहा जाता है। इस शहर के ऐतिहासिक होने के बावजूद इस शहर को जाने वाले रास्ते जोकि नेशनल हाईवे विभाग की देख-रेख में है। परंतु इसके हालात इतने दयनीय है कि निर्माणाधीन फ्लाईओवर के साथ लग रही स्लिप रोड पूरी तरह से ट्रैफिक को सुचारू ढंग से चलाने के लिए विफल साबित हो रही है।

इस हाईवे को लोगों ने कभी पूरा होते हुए देखा ही नहीं। जिस कारण रोजाना लोग दुर्घटना के शिकार हो रहे हैं। परंतु हाईवे के अधिकारी ठेका प्राप्त कंपनियों को मनमानी करने की इजाजत दे रहे हैं और लोगों से टोल टैक्स के रूप में बगैर सुविधा दिए




करोड़ों रुपए की वसूली कर चुके हैं और अभी भी कर रहे हैं। हाईवे के अधिकारी जो अमृतसर स्थित कार्यालय में आंखें मूंद कर बैठे हैं और धड़ल्ले से अवैध एक्सेस, फॉरेस्ट लैंड का दुरुपयोग अकेले ढाबे ही नहीं बल्कि बड़ी-बड़ी मल्टीनेशनल कंपनियां भी कर रही हैं। जिससे विभाग को करोड़ों रुपए का राजस्व का नुकसान भी हो रहा है। ऐसे में जब इनसे सवाल पूछो तो इनको रटी-रटाई बात आती है। पंजाब में हमें काम करने में दिक्कत है। हमें प्रशासन जमीन दिलवाने में सहयोग नहीं दे रहा। लेकिन इनको यह नहीं पता कि सरकारी पदों पर बैठकर बहानेबाजी करना भी देशद्रोह के समान ही है। जहां नियत में खोट होगी वहां बरकत कहां से होगी।

# डिप्टी कमिश्नर द्वारा धूसी बांध के निकट प्रभावित क्षेत्रों का दौरा

***मंड क्षेत्र से अब तक 312 लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला जा चुका है***

• **जालंधर ब्रीज.** ढिलवां/ तलवंडी कूका



ब्यास नदी में कल बढ़े जलस्तर के कारण मंड क्षेत्र के कई इलाकों में बाढ़ की स्थिति को देखते हुए डिप्टी कमिश्नर कैप्टन करनैल सिंह ने आज ढिलवां से तलवंडी कूका तक धुसी बांध का दौरा करके मौजूदा स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि स्थिति फिलहाल नियंत्रण में है, अगले 24 घंटों में स्थिति बेहतर होने की उम्मीद है।

एसएसपी राजपाल सिंह संधू एवं अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ सुबह ढिलवां धूसी बांध पर पहुंचे और राहत कार्य में लगी विभिन्न टीमों व गांवों के निवासियों से बातचीत कर स्थिति की जानकारी ली।

डिप्टी कमिश्नर ने केंद्रीय एजेंसियां, भारतीय सेना, एनडीआरएफ की टीमों एवं गांव के लोगों से मिले सहयोग की सराहना करते हुए कहा कि सेना और एन.डी.आर.एफ. की टीमों द्वारा मंड क्षेत्र में फंसे लोगों को निकालने का कार्य युद्ध स्तर पर किया जा रहा है उन्होंने कहा कि अब तक करीब 312 लोगों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया गया है और मंड इलाके में 20-25 लोग अपनी मर्जी से बाहर नहीं आना चाहते है। उन्होंने कहा कि भुलत्थ में ब्रिगेडियर ए.एस. ढोडी और उनकी टीम कर्नल भीष्म चौहान, लेफ्टि. दलजीत, मेजर रामेश्वर, कैप्टन सेतु सत्या द्वारा पूरे ऑपरेशन की निगरानी की जा रही हैं। इस बीच भुलत्थ के एसडीएम संजीव शर्मा खुद नाव से इन लोगों के पास पहुंचे और उनसे टीमों की नावों से सुरक्षित स्थानों पर पहुंचने की अपील की। डिप्टी कमिश्नर ने लोगों को आश्वासन दिया कि जिला प्रशासन प्रभावित लोगों को भोजन के पैकेट, सूखा राशन और जानवरों के लिए आवश्यक चारे के अलावा हर संभव सहायता सुनिश्चित करेगी। उन्होंने कहा कि जलस्तर कम होते ही घरों और फसलों की क्षति का पता लगाने की कार्रवाई की जायेगी।

**डिप्टी कमिश्नर व एसएसपी पीड़ित परिवार से मिले :** गांव तलवंडी कूका पहुंचकर डिप्टी कमिश्नर कैप्टन करनैल सिंह और राजपाल सिंह संधू ने मंड क्षेत्र के लखविंदर सिंह के परिवार से मुलाकात की, जिनके बाढ़ में बह जाने का खतरा है। इस अवसर पर एसडीएम संजीव शर्मा ने कहा कि परिवार के सदस्यों सहित बचाव दल ने नाव के जरिए लखविंदर सिंह की तलाश की और अब इस काम के लिए गोताखोरों की मदद ली जा रही है।

# डोर-टू-डोर सौ फीसदी सर्वे करने वाले बीएलओ होंगे सम्मानित

***सभी चुनावकार रजिस्ट्रेशन अधिकारियों, सहायक चुनावकार रजिस्ट्रेशन अधिकारियों एवं पर्यवेक्षकों को बीएलओ के कामकाज की जांच करने का निर्देश***

• **जालंधर ब्रीज.** जालंधर

डिप्टी कमिश्नर-कम-जिला चुनाव अधिकारी विशेष सारंगल ने आज कहा कि मतदाता सूची के विशेष पुनरीक्षण अधीन जिन बीएलओ ने 20 अगस्त तक घर-घर सर्वेक्षण का काम शत-प्रतिशत पूरा कर लिया है, उनको सितंबर



के पहले सप्ताह को प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। इस संबंध में अधिक जानकारी देते हुए डिप्टी कमिश्नर ने बताया कि योग्यता तिथि 1 जनवरी 2024 के आधार पर मतदाता सूची के सरसरी पुनरीक्षण को लेकर चल रहे कार्यक्रम अधीन मतदाताओं के विवरण की वैरीफीकेशन के लिए बूथ लेवल अधिकारियों द्वारा घर-घर सर्वेक्षण का काम 21 जुलाई 2023 को किया गया था , जिसे 31 अगस्त तक पूरा किया जाना है। उन्होंने कहा कि इस सर्वेक्षण के दौरान बीएलओ द्वारा मतदाता सूची में पहले से दर्ज मतदाताओं के विवरण की जांच की जा रही है ताकि मतदाताओं के विवरण में कोई त्रुटि न हो। इसके इलावा, बीएलओ द्वारा ऐसे युवाओं, जिन्होंने अभी तक अपना वोट अभी नहीं बनी है, भविष्य के योग्य मतदाताओं, मृत/स्थानांतरित/एकाधिक प्रविष्टियों और मतदाता सूची में दर्ज विवरण की शुद्धता के बारे में भी डेटा एकत्र कर रहे है। उन्होंने कहा कि यह काम बूथ लेवल अधिकारी बीएलओ एप के द्वारा कर रहे है। उन्होंने जिले के सभी चुनावकार अधिकारियों, सहायक चुनावकार रजिस्ट्रेशन पदाधिकारियों एवं पर्यवेक्षकों को इलाके का दौरा कर बीएलओ के कार्यों की जांच करने का निर्देश दिया। डिप्टी कमिश्नर ने सभी राजनीतिक दलों और आम जनता/ मतदाताओं से बीएलओ द्वारा घर-घर किए जाने वाले सर्वेक्षण में अपना पूर्ण सहयोग देने की भी अपील की।

## एडीसी ने स्वतंत्रता सेनानी प्रेम सागर को किया सम्मानित

अतिरिक्त डिप्टी कमिश्नर (ज) मेजर डा. अमित महाजन ने वीरवार को स्वतंत्रता सेनानी प्रेम सागर (99) को सम्मानित किया। वह राष्ट्रपिता महात्मा गांधी द्वारा अगस्त 1942 में ब्रिटिश शासन के विरुद्ध शुरू किए गए भारत छोड़ो आंदोलन के सक्रिय सदस्य थे। श्री सागर लाहौर सेंट्रल जेल में सात महीने की सजा अधीन रह चुके है। अतिरिक्त डिप्टी कमिश्नर ने कहा कि पूरा देश हमेशा स्वतंत्रता सेनानी प्रेम सागर का ऋणी रहेगा, जिन्होंने देश की एकता और अखंडता की रक्षा के लिए कई कठिनाइयों का सामना किया। उन्होंने श्री प्रेम सागर का हाल भी पूछा।



## प्लेसमेंट कैंप में 9 उम्मीदवारों का चुनाव, 21 शॉर्टलिस्ट

युवाओं को अधिक से अधिक रोजगार के अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से, जिला रोजगार और कारोबार ब्यूरो (डीबीईई) ने गुरुवार को अपने दफ़्तर में एक प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया, जिसमें 9 उम्मीदवारों का रोजगार के लिए चुनाव किया गया 21 उम्मीदवारों को शॉर्टलिस्ट किया गया।

जॉब जेनरेशन, कौशल विकास और प्रशिक्षण अधिकारी रंजीत कौर ने बताया कि प्लेसमेंट कैंप में एक्सिस बैंक, फ्लिपकार्ट, भारती एयरटेल और डोरिक मल्टीमीडिया कंपनियों ने पहुँच की और 55 उम्मीदवारों ने भाग लिया, जिनमें से 9 उम्मीदवारों को रोजगार और 21 उम्मीदवारों को शॉर्टलिस्ट किया गया। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन के नेतृत्व में



जिला रोजगार एवं कारोबार ब्यूरो युवाओं को रोजगार उपलब्ध करवाने में अहम भूमिका निभा रहा है। उन्होंने युवाओं से ब्यूरो द्वारा समय-समय पर आयोजित प्लेसमेंट कैंपों में अधिक से अधिक भाग लेने का आग्रह किया और कहा कि अधिक रोजगार अवसरों के लिए युवा जिला प्रशासन परिसर स्थित ब्यूरो के दफ़्तर या हेल्पलाइन नंबर 90569 -20100 पर भी संपर्क किया जा सकता है।

## होशियारपुर से श्री वृंदावन धाम के लिए ट्रेन




**• होशियारपुर से श्री वृंदावन धाम के लिए ट्रेन का शुभारंभ 26 अगस्त से किया जा रहा है। काबिलेग़ौर है कि राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग के पूर्व चेयरमैन विजय सांपला ने केंद्रीय रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव को पत्र लिखकर होशियारपुर से नई दिल्ली जाने वाली ट्रेन का रूट आगरा तक बढ़ाने की अपील की थी जिस को रेलमंत्री ने प्रवानगी दे दी।**

# एडीआर केंद्र में कानूनी सहायता डिफैंस परामर्श प्रणाली दफ्तर का उद्घाटन

• **जालंधर ब्रीज.** जालंधर



जिला कानूनी सेवा प्राधिकरण जालंधर के एडीआर सेंटर में गुरुवार को वर्चुअल ढंग से कानूनी सहायता रक्षा परामर्श प्रणाली के कार्यालय का उद्घाटन किया गया। कानूनी सहायता रक्षा परामर्श योजना-2022 के तहत कार्यालय कानूनी सहायता रक्षा परामर्श प्रणाली की शुरूआत न्यायमूर्ति रविशंकर झा मुख्य न्यायाधीश पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय-कम-पैटर्न-इन-चीफ पंजाब कानूनी सेवा प्राधिकरण और न्यायमूर्ति गुरमीत सिंह संधवालिया न्यायाधीश पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय-कम-कार्यकारी अध्यक्ष पंजाब कानूनी सेवा प्राधिकरण ने ऑनलाइन ढंग से की। इस अवसर पर न्यायमूर्ति अरुण पल्ली, न्यायाधीश पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय और न्यायमूर्ति हरप्रीत कौर जीवन, न्यायाधीश पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय और मनजिंदर सिंह सदस्य सचिव पंजाब राज्य कानूनी सेवा प्राधिकरण भी उपस्थित थे।

जिला एवं सैशन न्यायाधीश-सह-अध्यक्ष जिला कानूनी सेवा प्राधिकरण जालंधर निरभऊ सिंह गिल और सीजेएम-कम-सचिव जिला कानूनी सेवा प्राधिकरण जालंधर डा. गगनदीप कौर भी मौजूद रही। इस अवसर पर बोलते हुए, न्यायाधीश गुरमीत सिंह संधावालिया ने कहा कि लोगों को तुरंत और सस्ता न्याय प्रदान करने के लिए जिला कानूनी सेवा प्राधिकरण में कानूनी सहायता बचाव सलाहकार नियुक्त किए गए हैं। उन्होंने कहा कि आपराधिक मामलों में नामित अपराधियों के मामलों की पैरवी के लिए जालंधर में एक मुख्य कानूनी सहायता बचाव वकील, तीन उप कानूनी सहायता बचाव वकील और चार सहायक कानूनी सहायता बचाव वकील नियुक्त किए गए है, जो जरूरतमंदों के आपराधिक मामलों की पैरवी करेंगे। जिला एवं सैशन न्यायाधीश निरभऊ सिंह गिल ने कहा कि लीगल एड डिफैंस काउंसिल योजना जरूरतमंदों के लिए फायदेमंद साबित होगी।

# भारत और आयरलैंड के बीच पहला टी20 मैच आज

**डबलिन.** आयरलैंड के खिलाफ टी20 सीरीज के लिए टीम इंडिया- जसप्रीत बुमराह (कप्तान), रुतुराज गायकवाड़ (उपकप्तान), यशस्वी जायसवाल, तिलक वर्मा, रिंकू सिंह, संजू सैमसन (विकेटकीपर), जितेश शर्मा (विकेटकीपर), शिवम दुबे, वाशिंगटन सुंदर, शाहबाज़ अहमद, रवि बिश्नोई, प्रसिद्ध कृष्णा, अर्शदीप सिंह, मुकेश कुमार और आवेश खान। भारत के खिलाफ टी20 सीरीज के लिए आयरलैंड की टीम- पॉल स्टर्लिंग (कप्तान), एंड्रयू बालबिर्नी, मार्क अडायर, रॉस अडैर, कर्टिस कैंफर, गेरेथ डेलनी, जॉर्ज डॉकरेल, फिओन हैंड, जोसुआ लिटिल, बैरी मैक्कार्थी, हैरी टेक्टर, लॉर्कन टकर, थेओ वन वोइरकॉम, बेन वाइट और क्रैग यंग।

**वर्ल्ड कप पर थी जसप्रीत बुमराह की नजर :** जसप्रीत बुमराह ने बताया कि वह जब एनसीए में थे तब उनकी नजर वर्ल्डकप पर थी और वह उसी की तैयारी में लगे हुए थे। बुमराह ने सीरीज की शुरुआत से पहले प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, 'जब मैं एनसीए में रिहैब में था तब मैं वर्ल्ड कप की तैयारी कर रहा था। मैं 10, 12 या 15 ओवर गेंदबाजी करता था। मैं टी20 में वापसी की तैयारी नहीं कर रहा था।' बुमराह भारत में होने वाले वर्ल्ड कप के लिए टीम में जगह बनाने के दावेदार है। बुमराह ने कहा, 'मुझे वापसी करके बहुत खुशी हो रही है। मैंने बहुत मेहनत की है और मेरा शरीर अच्छा महसूस कर रहा है। मैं इस सीरीज के लिए काफी उत्साहित हूं।' बुमराह ने टीम इंडिया के लिए अपना पिछला मैच 25 सितंबर 2022 को खेला था।

### भारत-आयरलैंड टी20 सीरीज का शेड्यूल

18 अगस्त- पहला टी20 (डबलिन), भारतीय समयानुसार शाम 7:30 पर
20 अगस्त- दूसरा टी20 (डबलिन), भारतीय समयानुसार शाम 7:30 पर
23 अगस्त- तीसरा टी20 (डबलिन), भारतीय समयानुसार शाम 7:30 पर



फोटो-बीसीसीआई

### भारत के खिलाफ पहले दो मैचों के पूरे टिकट बिके

भारतीय क्रिकेटरों की वैश्विक लोकप्रियता ने क्रिकेट आयरलैंड जैसे उदीयमान क्रिकेट बोर्ड की चांदी कर दी है और पहले दो टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों के सारे टिकट बिक गए हैं। क्रिकेट आयरलैंड ने अपनी वेबसाइट पर लिखा, 'भारत और आयरलैंड के बीच पहले दो टी20 मैचों के शत प्रतिशत टिकट बिक गए हैं और तीसरे मैच के टिकट तेजी से बिक रहे हैं।' सभी मैच 'द विलेज' मालाहाइड क्रिकेट क्लब मैदान पर होंगे जिसकी क्षमता 11500 दर्शकों की है। इंग्लैंड में 2009 में टी20 विश्व कप के ग्रुप मैच में महेंद्र सिंह धोनी की कप्तानी में आयरलैंड को आठ विकेट से हराने के बाद से भारत ने अब तक आयरलैंड के खिलाफ पांचों टी20 मैच जीते हैं।

# पुलिस स्टेशन सिटी कपूरथला के क्षेत्र को 2 हिस्सों में बांटकर आरजी पुलिस स्टेशन अर्बन एस्टेट बनाया

• **जालंधर ब्रीज.** कपूरथला

एस.एस.पी राजपाल सिंह संधू ने पुलिस स्टेशन सिटी कपूरथला के क्षेत्र को 2 भागों में विभाजित किया है, एक भाग वर्तमान पुलिस स्टेशन सिटी कपूरथला है और दूसरे भाग को आरजी पुलिस स्टेशन अर्बन एस्टेट बनाया गया है। और आरजी पुलिस स्टेशन अर्बन एस्टेट में एसआई बलजिंदर सिंह को मुख्य पुलिस अधिकारी नियुक्त किया गया है।



एस.एस.पी. ने कहा कि शहर में मौजूदा अपराधिक घटनाओं को देखते हुए यह फैसला लिया गया है क्योंकि थाना सिटी कपूरथला का एरिया काफी बड़ा है। उन्होंने कहा कि थाना सिटी और थाना अर्बन एस्टेट के क्षेत्रों को विभाजित कर दिया गया है और निम्नलिखित मोहल्लों के निवासी किसी भी प्रकार की कठिनाई में थाना अर्बन एस्टेट कपूरथला के कार्यालय जो कि पुलिस लाइन कपूरथला में स्थित है, में जाकर अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं। मुख्य अधिकारी एस.आई. बलजिंदर सिंह का मोबाइल नं. 98761-99954 या 98761-99811 पर संपर्क किया जा सकता है। वर्णनयोग्य है कि आरजी थाना अर्बन एस्टेट में पडते कुल 85 इलाके है, जिसमे अमन नगर, बिमला एन्क्लेव, निरंजन नगर, जीटीबी नगर, मॉडल टाउन, प्रोफेसर कॉलोनी, गोबिंद नगर, शिवाजी नगर, प्रकाश एवेन्यू, मोहल्ला शेरां वाला गेट, पुलिस लाइन, शालीमार एवेन्यू, आदर्श नगर, संत नगर, रंजीत एवेन्यू, न्यू मॉडल टाउन, कृष्णा नगर पुराना अस्पताल, कृष्णा एवेन्यू , जट्टपुरा, कैलाश, ग्रोवर कॉलोनी, करतार नगर, डिफेंस कॉलोनी, बाबा दीप सिंह नगर, अर्बन एस्टेट फेज़-2, ग्रेटर कैलाश, हरगोबिंद नगर, न्यू गुरु तेग बहादुर नगर, टैगोर नगर, पटेल नगर, ग्रीन एवेन्यू, अर्बन एस्टेट, मंसूरवाल कॉलोनी शामिल हैं। इसी तरह, साउथ सिटी कॉलोनी, सुखजीत नगर, बसंत विहार, लोअर मॉल रोड, सनी साइड, फ्रेंड कॉलोनी, बग्गी खाना, जर्मनी दास पार्क, जगजीत पार्क, ऑफिसर कॉलोनी, नर्सरी कॉलोनी, सेंट्रल टाउन, हरनाम नगर, मोहब्बत नगर, तिरलोकी नाथ, शक्ति नगर, एस.एस.के. फैक्ट्री, राजिंदर नगर, अर्जन नगर, ठाकर नगर, अशोक विहार, नवी आबादी सर्कुलर रोड, पावर कॉलोनी, दीप नगर, राजीव गांधी एन्क्लेव, नवाब कपूर सिंह, पंजाबी बाग, ईस्ट एन्क्लेव, फैक्टरी एरिया, मांगी कॉलोनी, जग्गू शाह डेरा, दशमेश एवेन्यू, करोल बाग, गांव मंसूरवाल, सरोजनी नगर और मोती बाग इलाके शामिल हैं।

Printed, Published & Owner by ATUL SHARMA & Printed at SARANGLE PRINTERS, BASTI GUZAN JALANDHAR (PUNJAB) and Published from ATUL SHARMA, NN453 GOPAL NAGAR JALANDHAR (PUNJAB)
Editor : ATUL SHARMA*
*Responsible for selection of News under the PRB ACT. PUNHIN/2019/77863, All Rights Reserved. Reproduction in whole or in Part without permission is prohibited. All disputes shall be settled at Jalandhar jurisdiction only.